हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

11 28 फंदों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



12 गुरु घासीदास बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का...





## खबर संक्षेप

### 11 बेटियों का सामूहिक विवाह 31 दिसंबर को



**नवापारा-राजिम।** श्रीराधा कृष्ण मंदिर में 31 दिसम्बर को 11 बेटियो का सामूहिक विवाह होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए राजू काबरा ने बताया कि 21 दिसम्बर को विशाल कलश शोभायात्रा, मनमोहक झांकियों के साथ निकलेगी इसी के साथ 9 दिवसीय श्रीराम कथा प्रारम्भ होगी। कथाकार अयोध्या के प्रशान्त महाराज है। ठीक 1 जनवरी को श्री हनुमान चालीसा का महापाठ होगा जो दोपहर 2 बजे से प्रारम्भ होगा। इस आयोजन को लेकर सबसे पहले आमंत्रण देने शुक्रवार को आयोजक टीम ने श्रीराधा कृष्ण मंदिर पहुंचे। इस टीम में संस्थापक राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, नंदकिशोर राठी, ओमप्रकाश शर्मा, संतोष अग्रवाल, रूपेंद्र चन्द्राकर शामिल थे जिन्होने रोली चांवल के साथ श्री राधाकृष्ण को आमंत्रित किया।

### माना बरौदा में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 19-20 को

**अभनपुर।** माना बरौदा (नवा रायपुर) मे बाबा गुरू घासीदास जंयती के अवसर पर झनकार नर्तक पंथी पार्टी के तत्वाधान मे दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 19 व 20 दिसम्बर को रखा गया है। समिति के सदस्यो ने बताया कि प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 12001 रूपये,द्वितीय 8001 रू एवं तृतीय 6001 रूपये है वही बेस्ट वेशभूषा, गायन, वादन, झांकी सहित अन्य विधा मे विशेष प्रस्तुति करने वाले प्रतिभागी को विशेष पुरस्कार दिया जायेगा।

# मैनपुर के जंगल में नक्सलियों का आईईडी प्लांट ध्वस्त, भारी मात्रा में विस्फोटक सामाग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत थाना इंदागांव ओडिसा सीमा पर स्थित ग्राम अमली के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाए आईईडी को नष्ट किया गया एवं भारी मात्रा में डंप किए गए सामाग्री बरामद किए गए।

यह कार्यवाही जिला मुख्यालय से लगभग 80 किमी दक्षिण दिशा, थाना इंदागांव अंतर्गत ग्राम अमली के जंगल क्षेत्र का है। जिला पुलिस गरियाबंद एवं ए/211 बटा सीआरपीएफ कैंप इंदागांव की संयुक्त कार्यवाही। पुलिस पार्टी को जान/माल की नुकसान पहुंचाने एवं ग्रामीणो में दहशत फैलाने की नियत से डंप किए गए आईईडी को विस्फोट कर नष्ट किया गया तथा नजदीक अन्य डंप से 02 नग सिंगल शॉट, 05 नग डेटोनेटर, इलेक्ट्रीक वॉयर, दवाईयां एवं दैनिक उपयोगी सामाग्रियों को जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला गरियाबंद अंतर्गत सक्रिय शासन द्वारा प्रतिबंधित माओवादी संगठन डीजीएन डिवीजन के माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी/ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने तथा दहशत फैलाने के उद्देश्य से थाना इंदागांव अंतर्गत ओडिसा सीमा पर स्थित ग्राम अमली के जंगल क्षेत्र में संदिग्ध डम्प रखा गया था। जिसके संबंध में स्थानीय सूचना तंत्रों के माध्यम से आसूचना प्राप्त होने पर कार्यवाही करते हुए आज 12 दिसंबर को थाना इंदागांव से जिला पुलिस बल गरियाबंद, बीडीएस एवं ए/211 बटा. सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टीयों द्वारा थाना इंदागांव के ग्राम अमली के जंगल/पहाडी क्षेत्र की सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुये थे कि अभियान कार्यवाही के दौरान सुबह प्राप्त सूचना अनुसार डम्प एरिया में पहुंचकर बीडीएस टीम द्वारा सघन सर्च किया गया।

## 2 नग सिंगल शॉट, 05 नग डेटोनेटर, इलेक्ट्रीक वॉयर, दवाईयां एवं दैनिक उपयोगी सामाग्री जब्त



### मौके पर आईईडी को विस्फोट कर किया नष्ट

सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा डंप किए आईईडी को सुरक्षा मापदण्डों का पालन करते हुए मौके पर ही आईईडी को विस्फोट कर नष्ट किया गया तथा आसपास और सर्च करने पर एक पेड़ के नीचे संदिग्ध डंप की जानकारी हुई, सुरक्षात्मक तरीके से जगह की खुदाई करने पर प्लास्टिक ड्रम मे सुरक्षित रखी गई थी। जानकारी के मुताबिक माओवादी संगठन द्वारा पुलिस और ग्रामीणों के खिलाफ बड़ी साजिश की तैयारी की जा रही थी जिसे नाकाम किया गया है। इस दौरान हथियार और कई सामाग्री जब्त किए गए हैं।



## हादसा : नवापारा-आरंग मार्ग पर ग्राम पोंड़ के पास हुई दुर्घटना, चालक गिरफ्तार

# हाईवा ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है और इन दुर्घटनाओं में लोगों की अकाल मौत हो रही है। गुरूवार शाम को कोमा के पास हुई दर्दनाक सड़क हादसे में बोरसी के दो युवक किशन सेन 25 वर्ष और शुभम साहू 18 वर्ष की मौत हुई है। जबकि 12 साल के बच्चे दाऊ लाल बुरी तरह से घायल है जिनका ईलाज हास्पिटल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह घटना तेज रफ्तार में दोनों बाइक सवार द्वारा चलाया जाना बताया गया है। जिस कोमा गांव के पास दुर्घटना हुई है वह मोड़ वाली जगह है। मोड़ में भी रफ्तार कम न करना हादसे का कारण बना है। इस घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को फिर एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा ▶▶|शेष पेज 10 पर

### संवेदनशील जगहों में भी ब्रेकर नहीं

बता दें कि क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। हादसे के लिए बहुत हद तक लोक निर्माण विभाग और एन एच ज्यादा जिम्मेदार बताए जा रहे है जो सड़क क्रासिंग मार्ग पर एक भी जगह ब्रेकर नहीं बनाए है। बात यदि राजिम शहर और नवापारा की करे तो पं. सुंदर लाल शर्मा चौक और नवापारा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक जैसे संवेदनशील जगहों में भी ब्रेकर नहीं है। जबकि विभाग का ध्यान आकर्षित करते नागरिक थक चुके है। स्पीड ब्रेकर के अभाव में शहर के बीच से निकलते हुए गाड़ियों की रफ्तार कम नहीं होती जिसके कारण अधिकतर दुर्घटनाएं हो रही है। नवापारा में ही कायदे से बस स्टेण्ड, चंपारण चौक, मैडम चौक, पारागांव-इंदिरा मार्केट क्रासिंग रोड में स्पीड ब्रेकर का बनाया जाना बहुत जरूरी समझा जा रहा है।



### सड़कों पर ठेले लगने से आवागमन बाधित

रेल्वे क्रासिंग के पास जो ब्रेकर चाहे उसे रेल्वे वालों ने बनाया हो या फिर पीडब्लूडी ने इतना बेढंगा बनाया है कि बाइक सवार इस ब्रेकर में उछलकर गिर पड़ते है। इस ब्रेकर की ऊंचाई और बनावट काफी खतरनाक है। यहां रोज लोग गिर रहे है। इस पर ध्यान नहीं है। नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग और एनएच के प्रति काफी रोष जाहिर किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार तेज रफ्तार वाहनों से हादसे होते-होते बचे हैं, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। बात यदि राजिम शहर की करे तो सड़कों पर ठेले लगते है जिससे आवागमन बुरी तरह बाधित होता है। जाम की स्थिति बनती है। स्कूल, कार्यालय और बाजार जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## टंकी निर्माण कार्य में बिजली चोरी ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज



**राजिम।** शहर के वार्ड क्रमांक 14 में जल टंकी के निर्माण कार्य में संबंधित ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से बिजली कनेक्शन लेकर महीने भर से अधिक समय से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। विद्युत विभाग ▶▶|शेष पेज 10 पर

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



## खबर संक्षेप

### गाय-बैल को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम रामाडबरी में गाय-बैल को लेकर हुए विवाद में मारपीट के मामले में पटेवा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को हीरालाल नारंग ने बताया कि 11 दिसंबर को रात्रि करीबन 8.30 बजे गाय-बैल को संभाल कर रखने की बात को लेकर जोहन सोनवानी, आशाराम सोनवानी व शंकर सोनवानी द्वारा घर के आंगन में आकर सुरेंद्र नारंग को गाली गलौज किया जा रहा था। जिनको प्रार्थी के साथ सुरेंद्र नारंग, बहू शांति नारंग, योगेश्वरी नारंग द्वारा मना किया गया। लेकिन आरोपियों द्वारा सुरेंद्रा नारंग, बहू शांति नारंग, योगेश्वरी नारंग के साथ धक्कामुक्की की गई। वहीं संतोष नारंग के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री दो के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में सरायपाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम केंदूढार भारत पेट्रोल पंप के सामने में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रामकुमार साहू पिता संतलाल साहू (35 वर्ष) नूनपानी बताया। आरोपी के कब्जे से 02 लीटर महुआ शराब कीमत 400 रुपए को बरामद किया गया। इसी तरह ग्राम बगईजोर बड़ा पुलिया के पास अवध राम भारती पिता दादू राम भारती (45 वर्ष) नूनपानी के कब्जे से 2 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शहीद स्मारक में की गई साफ सफाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक भारतीय विजय दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि को भी शहीद स्मारक में साफ सफाई की गई। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाएगा। विजय दिवस के ही दिन 1971 में युद्ध पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है। इस युद्ध के परिणामस्वरूप बांग्लादेश को भी आजादी मिली। इस मौके पर अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### पटेवा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज

**पटेवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह के अंतर्गत पटेवा मंडल के अंतर्गत जोगीडीपा ग्राम स्थित सिद्धबाबा मंदिर परिसर में 13 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें चुटकी लोक कला मंच दल्लीराजहरा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। हिंदू सम्मेलन में प्रमुख वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत के सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश शर्मा तथा वक्ता सरला कोसरिया होंगी। मुख्य अतिथि के रूप में उमा ध्रुव उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के समापन में भोजन प्रसादी व रुद्राक्ष वितरण होगा।

### योग प्रशिक्षण शिविर आज से

**महासमुंद।** योग प्रशिक्षण शिविर (35वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 13 से 22 दिसंबर तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में होगा। इस 10 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। रविवार 21 दिसंबर को कौंदकेरा जंगल में हठयोग की क्रियाएं दीर्घशंख प्रक्षालन, जल नेति एवं कुंजल का अभ्यास होगा। पंजीकृत योगाभ्यासी ही सम्मिलित होंगे।

# गरियाबंद के आधा दर्जन गावों में 77 साल बाद पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कार्यकाल 13 दिसंबर को 02 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इन दो वर्षों की अवधि में राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और विशेषकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास, विश्वास और सुरक्षा का एक नया वातावरण निर्मित हुआ है, जिसके परिणाम जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महतारी वंदन योजना का लाभ हर गाँव और लगभग हर घर तक पहुँच रहा है। 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते में मिल रही है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, पोषण और स्वास्थ्य में सुधार करने तथा सामाजिक समानता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, खासकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए यह एक बड़ा सहारा साबित हुई है। गरियाबंद जिले के आदिवासी ग्रामों में हजारों की संख्या में पीएम जनमन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने का सपना पूरा हुआ है। सैकड़ों गरीब परिवारों को, जो पहले झोपड़ियों में निवास करते थे, अब पक्के घर मिलने से सामाजिक सुरक्षा और सम्मान मिला है। विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के ग्रामीणों के आवास निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है, जिससे उनमें सुरक्षा की भावना बढ़ी है। मुख्यमंत्री साय के 02 वर्ष के कार्यकाल की एक बड़ी उपलब्धि गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचल में बिजली पहुंचाना है। जिले के आधा दर्जन गांव और पारा-टोला (जैसे मैनपुर विकासखण्ड के लुठापारा, बड़ेगोबरा, भीरालाट, छिन्दौला) में आजादी के 77 वर्ष बाद बिजली पहुंचाई गई है। इन गांवों के ग्रामीण पिछले पांच दशक से बिजली की मांग कर रहे थे। भाजपा सरकार बनने के बाद जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति ग्रामों का सर्वे करवाया गया और प्राथमिकता से बिजली की रोशनी पहुँचाई गई, जिससे ग्रामीणों में विकास की नई उम्मीद जगी है।

### महिलाओं के लिए वरदान है महतारी वंदन योजना



#### सुशासन और नक्सलवाद पर प्रहार

पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास कर रहा है, वहीं जिले के बिजली विहीन ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य भी चालू हो गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य के अनुरूप अधोसंरचनाएं विकसित करने के साथ-साथ सस्टेनबल डेवलपमेंट गोल के लक्ष्य को भी हासिल कर रही है। भाजपा के मैनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि जहां महतारी वंदन योजना महिलाओं को सशक्त कर रही है, वहीं धान खरीदी और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी अन्य योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर ग्रामीणों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में राज्य की प्रगति में बाधक रहे माओवाद/नक्सलवाद अब अंतिम साँसें ले रहा है।

## विडंबना : गांव में मोबाइल टावर लगाया जा चुका है लेकिन अब तक नहीं किया गया प्रारंभ


# मैनपुर के साहेबिनकछार में मोबाइल पर बात करने के लिए ग्रामीण चढ़ते हैं पेड़ों व छतों पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

आज जब देश डिजिटल क्रांति के युग में जी रहा है, तब यह जानकर आश्चर्य होगा कि गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के सुदूर वनांचल में बसे साहेबिनकछार क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीण डिजिटल सुविधाओं से कोसों दूर हैं। यहां के निवासियों की जिंदगी में मोबाइल पर बात करना आज भी एक सपना है। यह समस्या वर्षों पुरानी है, लेकिन इसका समाधान अब तक नहीं हो सका है। साहेबिनकछार क्षेत्र की आबादी लगभग 10 हजार के आसपास है। भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यह क्षेत्र हर तरफ से घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा हुआ है। यहां के ग्रामीणों को मोबाइल से बात करने के लिए पहाड़ी के ऊपर, पेड़ पर, या फिर घर की छत पर जाना पड़ता है, इसके बावजूद भी ठीक-ठाक बात नहीं हो पाती। पूर्व सरपंच रूपसिंग मरकाम, आदिवासी नेता अर्जुन नायक, उपसरपंच हरिहर यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि आज भी यहाँ के ग्रामीण दूर संचार जैसी महत्वपूर्ण सेवा से वंचित हैं। कई ग्रामीण तो अपने मोबाइल को पेड़ और छत के ऊपर लटका देते हैं ताकि बाहर से आने वाले फोन कॉल के बारे में पता चल सके।







#### अप्रारंभ टावर पर भी सवाल

ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में एक मोबाइल टावर लगाया गया है, जिसे देखकर उनमें उत्साह था कि जल्द ही यह शुरू हो जाएगा। लेकिन आज तक उस मोबाइल टावर को प्रारंभ नहीं किया गया है। आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के दर्जनों ग्रामों में इस आधुनिक युग में हजारों आदिवासी ग्रामीण मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण दूरसंचार जैसी महत्वपूर्ण सेवा से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीण अब डाक विभाग के माध्यम से अपने दूर-दराज के रिश्तेदारों को संदेश भेजते हैं, और ज्यादा आवश्यकता पड़ने पर ही मुख्यालय आकर सही नेटवर्क के माध्यम से बात कर पाते हैं। पिछड़े कमार और भुंजिया जनजाति के लोग अब आधुनिक सुविधाओं का इस्तेमाल करना चाहते हैं, लेकिन इस दिशा में ध्यान न देना उनके तकनीकी और उन्नतशील विकास की गति पर पानी फेर रहा है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और आला अफसरों से जल्द से जल्द साहेबिनकछार क्षेत्र में मोबाइल टावर को प्रारंभ करने की मांग की है।

#### आपातकालीन सेवाओं का अभाव

साहेबिनकछार आज भी घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। गांव तक पहुंचने के लिए न तो पक्की सड़क है और न ही बिजली लगी है। मोबाइल नेटवर्क न होने के कारण आपातकालीन स्थिति या दुर्घटना होने पर ग्रामीण मदद के लिए फोन भी नहीं कर पाते। आये दिन दूरस्थ गांवों में गंभीर स्थिति उत्पन्न होने पर, ग्रामीण संजीवनी 108 एवं महतारी 102 वाहन को सूचित करने के लिए नेटवर्क की तलाश में ऊँचे पहाड़ी इलाकों में चढ़ते हैं। नेटवर्क न मिलने पर हताश ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार बारिश के दिनों में एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीणों को मरीजों को काँवर या उल्टे खाट में बिठाकर नेशनल हाईवे बम्हनीझोला तक लाना पड़ता है। समय पर उपचार न मिलने के कारण अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है।

### महासमुंद संभाग में बकाया बिल वाले अनेक उपभोक्ताओं की बिजली काटी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बिजली बिल के लिए लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का सामूहिक रूप से लाइन विच्छेदन किया गया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता महासमुंद (वृत्त) वायके मनहर के निर्देशन में टीम गठित कर राजस्व वसूली के लिए महासमुंद संभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के नेतृत्व में महासमुंद संभाग के अंतर्गत इस दौरान महासमुंद संभाग के कुल बकाया राशि 174.37 लाख रुपए है। इसमें 491 उपभोक्ताओं का लाइन विच्छेदन किया गया। जिनका विच्छेदन उपरांत कुल 431 उपभोक्ताओं द्वारा 168.64 लाख रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ है। राजस्व वसूली की कार्रवाई निरंतर आगे भी जारी रहेगी। लाइन विच्छेदित उपभोक्ताओं द्वारा यदि अनाधिकृत लाइन जोड़ी जाती है तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## जिला पंचायत सीईओ ने मैनपुर में बैठक ली, आवास निर्माण कार्य की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जाड़ापदर एवं बोईरगांव में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण किया एवं हितग्राहियों के मकानों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं पीएम जनमन योजना अंतर्गत आवासों को जनवरी माह अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया तथा पूरे गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को पूरा करने कहा है पश्चात दोपहर को तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित सामुदायिक भवन मैनपुर में ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्रों का समीक्षा बैठक लिया। जिला पंचायत सीईओ ने मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत निर्माणाधीन 6000 मकानों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया साथ ही अप्रारंभ आवासों को दिसंबर माह अंत तक शुरू करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत के सचिवों को नियमित रूप से आवासों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। लापरवाही बरतने पर कार्यवाही करने की बात कही है। आवास योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी होने पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पात्र हितग्राहियों को आजीविका डबरी बनाकर उसमें आजीविका संबंधित गतिविधि के निर्देश भी दिया है। लगभग चार घंटे तक चले बैठक में सभी ग्राम पंचायतों के आवास कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सीईओ जनपद डीएस नागवंशी, मनरेगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक, आवास जिला समन्वयक सहायक अभियंता विकासखंड समन्वयक तकनीकी सहायक एवं जनपद स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोनिवि रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण

**महासमुंद।** लोक निर्माण विभाग संभाग महासमुंद के अंतर्गत जारी विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण विभाग के रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता पीएम कश्यप द्वारा किया गया। मुख्य अभियंता ने महासमुंद शहर से लगे महासमुंद-तुमगांव-अछोला मार्ग तथा बरोंडा चौक महासमुंद-बम्हनी मार्ग का निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने दोनों मार्गों में निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कड़े निर्देश दिए। साथ ही मार्ग चौड़ीकरण कार्य में बाधा बने विद्युत पोलों को अतिशीघ्र हटाने तथा पेड़ों की कटाई की आवश्यक कार्रवाई तुरंत पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता चंद्रशेखर चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल, संबंधित उप-अभियंता एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 205 प्रकरणों में 27551.64 क्विंटल धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दिए गए कड़े निर्देश के क्रम में अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 187 प्रकरण दर्ज किए गए। 18 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 205 प्रकरणों से संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 27551.64 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिले के प्रमुख मार्गों, अंतरराज्यीय जांच चौकी, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार निरीक्षण एवं सख्ती से निगरानी की जा रही है। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि धान उपार्जन अवधि में किसी भी प्रकार का अवैध भंडारण, परिवहन या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ताकि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसी क्रम में अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। बसना विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा दो प्रकरणों में 527 कट्टा धान जब्त किया गया। जिसमें ग्राम दलदली में दो अलग-अलग प्रकरण में 280 कट्टा एवं 247 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि सरकार की किसान हितैषी नीतियों और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जिले में इस प्रकार की निगरानी आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगी।

## 6.1 करोड़ की दावा रहित राशि लौटाने के लिए मेगा शिविर आयोजित

# जिले में आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दावा रहित जमा राषि के लिए जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिले में नागरिकों की अनक्लेम्ड बैंक राशि, फिक्स्ड डिपॉज़िट, बीमा दावे, पीएफ एवं अन्य निष्क्रिय वित्तीय संपत्तियों की वापसी को सरल बनाने के उद्देश्य से आज जिला पंचायत सभाकक्ष में 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। जिले में कुल 29 हजार 91 खातों में कुल 6.1 करोड़ की राशि जमा है। इस शिविर में एसबीआई गरियाबंद शाखा द्वारा श्री विजय कुमार दुबे को 6 हजार 92 रूपये का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस शिविर में जमा राशि 23 लाख 17 हजार रूपये के कुल 53 खातों को सक्रिय किया गया। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य नागरिकों को उनकी जमा लेकिन अप्राप्त वित्तीय संपत्तियों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सरल प्रक्रिया के माध्यम से उनकी राशि वापस दिलाना है। इस कार्यक्रम के दौरान रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया के महाप्रबंधक श्री अमरेंद्र गुप्ता ने बताया कि 10 वर्ष या अधिक समय से निष्क्रिय बैंक खातों और अन्य वित्तीय संपत्तियों को अब यूडीजीएएम के पोर्टल के माध्यम से खोजा और दावा किया जा सकता है। उन्होंने ने बताया कि तीन आसान चरणों में राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया हैं। प्रथम चरण बैंक के किसी भी शाखा में जाए भले ही वह आपकी नियमित शाखा न हो, दूसरा चरण केवाईसी दस्तावेज जैसे आधार, पोसपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस के साथ फार्म जमा करें, तीसरा चरण सत्यापन के बाद ब्याज सहित मूलधन प्राप्त कर सकते है। जिसमें आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची सहित अनक्लेम्ड संपत्तियों की पहचान संबंधी विस्तृत जानकारी आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वाट्सअप नम्बर 99990-41935 में सम्पर्क कर सकते है।

#### जिले का कोई भी पात्र नागरिक अपनी जमा राशि से वंचित न रहे

कलेक्टर बीएस उइके ने कहा, नागरिकों की जमा पूंजी उनका वैधानिक अधिकार है। जानकारी के अभाव में वर्षों से लंबित वित्तीय राशि को लौटाने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र नागरिक अपनी जमा राशि से वंचित न रहे। उन्होंने जिले के सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे दावे की प्रक्रिया को सहज एवं पारदर्शी बनाते हुए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित हो सकें। बैंक अधिकारियों ने बताया कि कई नागरिक दस्तावेजों की कमी, पुराने खातों की स्थिति या जानकारी के अभाव के कारण अपनी राशि वापस नहीं ले पाते। अभियान के अंतर्गत पात्र नागरिकों को दस्तावेज़ सत्यापन, दावा दर्ज करने और राशि प्राप्त करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पुराने बैंक खातों, परिवारजनों के निष्क्रिय खातों एवं अन्य वित्तीय अभिलेखों की जांच कर निकटतम बैंक शाखा या यूजीडीएएम पोर्टल के माध्यम से अपनी लंबित राशि का दावा अवश्य करें, ताकि उनकी जमा पूंजी सुरक्षित रूप से उन्हें वापस मिल सके। इस दौरान जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक श्री विनीत मोहन खरे, जिला कोषालय अधिकारी श्री प्रेमचंद खलखो सहित जिले के समस्त बैंको के प्रबंधक, प्रतिनिधि एवं खाते धारक उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष...

### हाईवा ने बाइक...

इतना भीषण था कि बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलते ही नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया। एसआई सुनील कश्यप ने बताया कि दोपहर करीब 2:30 बजे हाइवा क्रमांक सीजी 04 एनएस 8300 आरंग की ओर से नवापारा आ रही थी कि पोंड़ बस्ती से सड़क पर पहुंचे तामासिवनी निवासी नरोत्तम साहू उम्र 50 वर्ष चपेट में आ गया। दुर्घटना इतना भीषण था कि नरोत्तम की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए परिजनों एवं ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया जिसे पुलिस ने बहाल कराया। हादसा को अंजाम देने वाले हाइवा चालक को गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया गया।

### टंकी निर्माण कार्य...

के सहायक अभियंता धर्मेंद्र साहू ने बताया कि विद्युत चोरी की शिकायत पर वार्ड क्रमांक 14 में पानी टंकी निर्माण कार्य में डायरेक्ट हुकिंग करके विद्युत चोरी किया जा रहा था जिसका प्रकरण बनाया गया है जिसमें 5380 वाट का बिजली चोरी करते पाया गया। इस घटना में इस्तेमाल किए गए सामग्रियों जिसमें राड, कटर, तार व अन्य सामग्री को जब्त किया गया है। इस तरह प्रायः देखा जाता है कि ठेकेदार निर्माण कार्यो का ठेका तो ले लेते है परंतु अस्थाई विद्युत कनेक्शन न लेकर सीधे खंभे से ही हुकिंग कर काम कराते है। पकड़े जाने पर ऐसे लोगो को लेने के देने पड़ जाते है। ज्यादातर मामले गांव देहात के निर्माण कार्यो का सामने आता है।

## खबर संक्षेप



### चैतरा के मड़ई मेला एवं कार्यक्रम के लिए नेताओं ने डॉ. रमन सिंह को दिया निमंत्रण

**फिंगेश्वर।** आगामी ग्राम चैतरा के मड़ई मेला, भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नगर के वरिष्ठ नेताओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। वरिष्ठ नेता भागवत हरित एवं रामूराम साहू ने रायपुर स्थित उनके निवास शंकर नगर बंगला पहुंचकर डॉ. रमन सिंह का गमछा एवं बुके भेंटकर स्वागत किया। नेताओं ने उन्हें चैतरा आने का निमंत्रण दिया, जिसे डॉ. सिंह ने सहजता से स्वीकार करते हुए अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने क्षेत्र का हालचाल भी जाना। मुलाकात के समय सरपंच प्रतिनिधि रवि साहू एवं भुनेश्वर साहू भी उपस्थित थे।

### ठंड में गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी, लोग अलाव के सहारे



**मैनपुर।** मैनपुर वनांचल क्षेत्र में पिछले 4-5 दिनों से शीत लहर कड़ाके के ठंड के चलते गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र में शाम होने ही अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। अचानक बढ़ी ठंड के चलते बाजार में सोयटर, साल, मफलर, जैकेट, ग्लव्स और रजाई की मांग बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनो में तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई है। पहाड़ी वनांचल क्षेत्र होने के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है शाम 7 बजे के बाद मैनपुर नगर सुना हो जा रहा है तो वही लोग सर्दी खांसी बुखार से परेशान है।

### आयुष स्वास्थ्य शिविर देवभोग में 15 व फिंगेश्वर में 16 को

**गरियाबंद।** जिले में द्वितीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला के तहत विकासखंड देवभोग में 15 दिसम्बर 2025, सोमवार को तथा विकासखंड फिंगेश्वर में 16 दिसम्बर 2025, मंगलवार को आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। दोनों ही स्थानों पर शिविर प्रातः 10:00 से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित होगा। विकासखंड फिंगेश्वर में यह शिविर ग्राम पंचायत अरंड के सामने तथा विकासखंड देवभोग में खुटगांव में आयोजित किया जाएगा। शिविर में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी पद्धति के विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेंगे। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें।

### धान खरीदी प्रक्रिया की निगरानी करने मार्कफेड ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र की स्थापना की गई है। यह पूरी धान खरीदा प्रक्रिया की 24 घंटे निगरानी करती है। यह खरीदी केंद्रों से लेकर भंडारण और परिवहन तक की पूरी प्रक्रिया की लाइव निगरानी करती है। निगरानी के लिए डिजिटल उपकरण उपयोग किए जा रहे हैं।

मार्कफेड के एमडी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि धान के परिवहन में लगे वाहनों की जीपीएस के माध्यम से निगरानी की जाती है। सतर्क एप्लिकेशन के जरिए अनियमितताओं पर अंकुश लगाने में मदद करता है। पड़ोसी राज्यों से अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए राज्य की सीमाओं पर 16 से अधिक चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाती है। खरीदी, स्टॉक और भुगतान से संबंधित सभी डेटा को दिखाती करती है, जिससे निर्णय लेने में आसानी होती है।

राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जहां किसान और अन्य संबंधित व्यक्ति अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

### मनमानी : हंगामे के चलते खरीदी घंटों तक बाधित रही

# लोहारसी उपार्जन केंद्र में अतिरिक्त तौल के विरोध में किसानों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले की सहकारी समिति मर्यादित लोहारसी उपार्जन केंद्र इन दिनों गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के कारण विवादों में घिर गई है। किसानों ने समिति पर शासन के निर्धारित नियमों के विपरीत धान खरीदी करने का गंभीर आरोप लगाया है, जिसके विरोध में सैकड़ों किसानों के हंगामे के चलते शुक्रवार को उपार्जन केंद्र में धान खरीदी घंटों तक बाधित रही। बाद में राजिम तहसीलदार मयंक अग्रवाल के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रित हुई और खरीदी पुनः शुरू कराई जा सकी। किसानों का सबसे बड़ा आरोप धान की तौल में धांधली का है। शासन द्वारा धान खरीदी के लिए अधिकतम 17 प्रतिशत नमी की सीमा तय है, लेकिन लोहारसी समिति ने अपनी ही 'गाइडलाइन' तैयार कर ली है। किसानों के अनुसार, समिति ने नमी के आधार पर प्रति बोरा 250 ग्राम से लेकर 2 किलो तक अतिरिक्त धान लेने का नियम बनाया और इसे बैठक में पारित भी कर दिया। इस प्रस्ताव को पारित करते समय ग्राम पंचायत लोहारसी के सरपंच लोमस साहू, भेंड़री और रवेली के सरपंच प्रतिनिधि, समिति अध्यक्ष धनीराम साहू, पूर्व सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। किसानों का कहना है कि समिति नमी जांच में फर्जीवाड़ा कर रही है और मानक 40 किलो बोरे के स्थान पर लगभग 41 किलो धान तोल रही है।





#### तहसीलदार के हस्तक्षेप से खुला रास्ता

किसानों के उग्र विरोध की सूचना मिलते ही तहसीलदार राजिम, मयंक अग्रवाल, मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और समिति को तत्काल प्रभाव से शासन की गाइडलाइन के अनुरूप ही खरीदी कराने के सख्त निर्देश दिए। तहसीलदार ने निम्नलिखित आश्वासन दिए, जिसके बाद किसानों ने गतिरोध समाप्त कर खरीदी कार्य फिर से शुरू करने की सहमति दी जिसमें अतिरिक्त तौल को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश। लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता से टोकन जारी किया जाएगा। पूरे मामले की गहन जांच कर पंचनामा रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। फिलहाल खरीदी कार्य शुरू हो गया है, लेकिन उपार्जन केंद्र की कार्यप्रणाली को लेकर किसानों के मन में कई सवाल बरकरार हैं। अब पूरा मामला प्रशासनिक जाँच के बाद ही स्पष्ट होगा।




**टोकन वितरण और अवैध वसूली के गंभीर आरोप-** अतिरिक्त तौल के अलावा, किसानों ने ऑफ़लाइन टोकन वितरण में भी अनियमितता बरते जाने की शिकायत की है। उनका आरोप है कि छोटे और सीमांत किसानों की अनदेखी की जा रही है, जबकि बड़े किसानों को प्राथमिकता से टोकन जारी किए जा रहे हैं। किसानों ने खरीदी प्रक्रिया के दौरान अवैध धन वसूली का भी गंभीर आरोप लगाया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

**किसानों का उग्र आंदोलन और जनप्रतिनिधियों का समर्थन-** इन तमाम अनियमितताओं के विरोध में किसान 11 दिसंबर से लगातार आंदोलनरत हैं। शुक्रवार को किसानों ने एकजुट होकर उपार्जन केंद्र का घेराव किया और खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह से रोक दिया। इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महादिक और जनपद पंचायत फिंगेश्वर के पूर्व उपाध्यक्ष योगेश साहू भी मौके पर पहुंचे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए किसानों के साथ हो रहे अन्याय को तत्काल रोकने की मांग की।



# 28 फंदों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्यजीवो के शिकार की एक बड़ी कोशिश वन विभाग की सतर्कता से नाकाम हो गई। गोपनीय सूत्रे से मिली सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने टाइगर रिजर्व के जंगल में खरगोश का शिकार करने के लिए फंदा लगा रहे दो व्यक्तियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार 10 दिसम्बर को उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद छत्तीसगढ़ में वनसंरक्षक सतोविशा समाजदार, उप निदेशक उदंती–सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद वरुण जैन, सहायक संचालक (उदंती) मैनपुर गोपाल सिंह कश्यप के निर्देशन में गोपनीय सूत्रों के आधार पर इंदागांव (घुरवागुडी) बफर परिक्षेत्र के आरक्षित क्षेत्र कक्ष क्रमांक 1225 में वन्यप्राणी खरगोश के शिकार के लिए जाल (फंदा) लगाते 02 व्यक्ति क्रमशः (1) वृन्दा सोरी पिता दशरथ सोरी जाति-गोंड, उम्र-23 वर्ष ग्राम-फरसरा (2) हरभजन पिता भगवान विश्वकर्मा जाति-लोहार, उम्र-19 वर्ष ग्राम-फरसरा को गिरफ्तार किया गया मौका वारदात में स्नेयर तार के कुल 28 नग फंदों को मुलजिमों के पास से जंगल में लगाते जप्ती किया गया, मुलजिमों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्व कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 एवं वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9,27,29,31 एवं 52 के तहत विधिवत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपियों को माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी देवभोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया एवं माननीय न्यायालय के आदेशोपरांत उप जेल गरियाबंद में जेल दाखिला करवाया गया। इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव (धुरवागुडी) बफर सुशील कुमार सागर, वनक्षेत्रपाल, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव राकेश सिंह परिहार, उप वनक्षेत्रपाल, परिसररक्षी इंदागांव कविन्द्र मिश्रा, वनरक्षक, परिसररक्षी धुरवागुडी राम कृष्ण साहू, गेगगार्ड एंटी पोचिंग टीम के सक्रिय रादस्य देवीसिंग यादव, पुनीत राम ध्रुव एवं सुरक्षा श्रमिकों का विशेष योगदान रहा।

# सिवनी की माध्यमिक शाला में दस साल से अधूरा है बालिका शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा





पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में निर्माण बालिका शौचालय विगत दस वर्षों से अधूरा पड़ा है। किंतु इसकी सुधि नहीं जनपद ने ली और नहीं शिक्षा विभाग, इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि यहां अध्यनरत छात्राएं प्रसाधन के लिए कहां-कहां भटकते होंगे? ज्ञात होगी राष्ट्रीय आंकड़े एवं अन्य आंकड़ों में बालिका शौचालय के मामलों में प्रदेश की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है, जो कि हम सबके सामने है, 10 वर्षों से एक शौचालय लंबित है और उसमें किसी विभाग में अब तक सुधी नहीं ली है इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि हम आखिर किस दिशा में कार्य कर रहे हैं और क्या-क्या कर रहे हैं? पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में लगभग 85 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है जिसमें 50% से अधिक छात्राएं है लगभग 45 से 50 है, जिन्हें प्रसाधन सहित विभिन्न आवश्यकता होती है किंतु इस दिशा में अब तक किसी ने भी कोई प्रयास नहीं किया गया है। शौचालय का निर्माण का कार्य का अनुबंध 2015-16 में सरपंच द्वारा 13 वे वित्त की राशि के 30%, 90000 से अंदर किया जाना था और अनुबंध में यह भी लिखा जाता है कि अगर निर्माण कार्य नहीं किया जाता और किसी प्रकार के लापरवाही की जाती है तो उक्त निर्माण कार्य की वसूली का सरपंच से वसूली किया जाना चाहिए किंतु अब यहां सिर्फ एक कागज रह गए हैं जिसे स्टांप पेपर में निर्माण कार्य के पूर्व सरपंच, सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से जनपद पंचायत में जमा किया जाता है और कार्य के पूर्व से अनुबंध किया जाता है तब कार्य प्रारंभ किया जाता है। इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यों की एवं फाइल देखकर चेक करवाते हैं फिर उन्हें आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय युवा महोत्सव पंजीयन की अंतिम तिथि 15 तक

**गरियाबंद।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, गरियाबंद द्वारा जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 16 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से सांस्कृतिक भवन परिसर, सिविल लाईन गरियाबंद में आयोजित किया जाएगा। युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के लिए इस वर्ष भी युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव भाग लेने के लिए 15 दिसम्बर तक पंजीयन करा सकते है। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव में जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को विभिन्न विधाओं में अपनी कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस युवा महोत्सव में लोक नृत्य एवं लोक गीत में सदस्यों की संख्या 10-10 होगी एवं 3 संकतकार अतिरिक्त होंगे। पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य में सदस्यों की संख्या 10-10 होगी एवं 2 संकतकार अतिरिक्त होंगे। कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, वाद-विवाद में एक-एक सदस्य एवं नवाचार में दो सदस्य, एकांकी नाटक में कलाकारों की संख्या-12, पारंपरिक वेश-भूषा, रॉक बैंड संख्या-10 यह सभी विधायें शामिल है। जिसमें 15 से 29 वर्ष (प्रतिभागियों का) एवं 18 से 40 वर्ष (संगतकारों का) आयु वर्ग तक के प्रतिभागी जिला स्तर युवा उत्सव में हिस्सा ले सकेंगे।

# दाबरीगुड़ा में युवक ने की आत्महत्या 10 दिनों में दूसरी घटना से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दाबरीगुड़ा में आज एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। मात्र 20 वर्षीय युवक रूपसिंह ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, युवक की मां सुबह बकरियां चराने गई थी। वापस लौटने पर उसने अपने बेटे को फांसी के फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पूरे परिवार और गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही अमलीपदर पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और वैधानिक पंचनामा कार्यवाही शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, और पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है। रूपसिंह कई वर्षों से पढ़ाई छोड़कर मवेशी चराने का काम करता था। परिजन गहरे सदमे में हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि उसने यह घातक कदम क्यों उठाया।

**लगातार दूसरी घटना से ग्रामीण चिंतित-** इस क्षेत्र में लगभग 10 दिनों के भीतर यह दूसरी आत्महत्या की घटना है। इससे पहले, लगभग 10 दिन पूर्व इसी क्षेत्र में एक 12 वर्षीय स्कूली बच्चे ने जंगल में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। लगातार बढ़ती इन घटनाओं ने ग्रामीणों में डर और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों और परिजनों का कहना है कि क्षेत्र में युवाओं और बच्चों में तनाव बढ़ रहा है, परंतु समय रहते जागरूकता और परामर्श न मिलने से स्थिति गंभीर होती जा रही है। परिजन और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गांवों में जागरूकता अभियान, काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। लगातार बढ़ती इन घटनाओं ने क्षेत्र की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## रसेला में उचित मूल्य की दुकानें बदहाल पांच माह से चना और केरोसिन नदारद

**रसेला।** उचित मूल्य की दुकानों में उचित" शब्द मानो गुमशुदा हो गया है। गरीब परिवार पिछले पाँच महीनों से चना पाने के लिए तरस रहे हैं। उधर केरोसिन यानी गरीब के चूल्हे का भरोसा, वह भी महीनों से नदारद है। सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे, और मिट्टी तेल की उपलब्धता धरातल पर नहीं। नतीजा यह कि गरीबों के घरों में चूल्हे का धुआं भी मजबूरी का हो गया है। राशन कार्डधारियों की परेशानी यहीं खत्म नहीं होती । सरकारी दुकान में राशन कम मिलता है, लेकिन धक्के ज्यादा। लाइन में लगो- फिर पता चलता है कि आज स्टॉक नहीं, कल आना। अगर स्टॉक मिल भी गया तो ई-केवाईसी की नई पूजा-अर्चना शुरू हो जाती है। ग्रामीणों का तंज- राशन से ज्यादा तो ई-केवाईसी का अपग्रेड मिल रहा है। कई बुजुर्ग और महिलाएँ हफ्तों से ई-केवाईसी के लिए दुकान-दर-दुकान भटक रही हैं। नेटवर्क की दिक्कत, मशीन का फेल होना, और बार-बार वापस लौटना अब रोजमर्रा की कहानी बन गई है। परिवारों का कहना है कि सरकार की योजनाएं कागज़ पर दमदार हैं, लेकिन ज़मीनी व्यवस्था दम तोड़े हुए है। गरीबों की मांग साफ़ है चना चाहिए, केरोसिन चाहिए... धक्कामारी और केवाईसी की झंझट नहीं। स्थानीय लोग प्रशासन से तत्काल आपूर्ति सुधारने, दुकानों की निगरानी बढ़ाने और ई-केवाईसी प्रक्रिया आसान करने की मांग कर रहे हैं, ताकि गरीबों को उनका हक समय पर और बिना अपमान के मिल सके।

## ग्राम देवरी में टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला



ग्राम देवरी में 10 दिसंबर को ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसका मुख्य अतिथि सरपंच दिलीप ठाकुर, अध्यक्षता मुगेश्वरी ठाकुर जनपद सदस्य, विशेष अतिथि के रूप में ग्राम प्रमुख साधूराम साहू, उपसरपंच गौरी ठाकुर, पंच अमरौतिन बाई,भोजलाल नेताम,अधारू राम ठाकुर,रजऊ राम नेताम उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सभी आमंत्रित अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना एवं पीता काट कर किया गया। यहां मैच 6 -6 ओवर का होगा। खिलाड़ी एक ही गांव का होना साथ ही अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। प्रवेश की अंतिम तिथि 16 दिसंबर को है। इस आयोजन के प्रथम पुरस्कार 12,000 रूपए एवं ट्राफी तोरण ठाकुर सरपंच के द्वारा,वहीं द्वितीय ईनाम 8,000 रूपए एवं ट्राफी साधूराम साहू, तृतीय पुरस्कार 4,000 रूपए एवं ट्राफी मुगेश्वरी ठाकुर जनपद सदस्य के द्वारा और चतुर्थ ईनाम 2,000 रुपए एवं ट्राफी प्रेमसिग नेताम शिक्षक के द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस आयोजन में प्रवेश शुल्क 600 रूपए रखा गया है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष परमानंद साहू, सचिव अवध राम ठाकुर, कोषाध्यक्ष प्रहलाद दीवान, कप्तान प्रदीप ठाकुर, सदस्यगण किशुन ध्रुव, लोकनाथ दीवान, विरेन्द्र, नंदलाल, उमेश, प्रेमसिंह, महेंद्र, धनेश्वर, रमेश, लुकेश्वर, अरूण, प्रताप, जयसिंह सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## जिपं सदस्य ने किया डूमरबाहरा का दौरा पीएम जनमन के कार्य पर जताई नाराजगी

**रसेला।** जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत डूमरबाहरा (उन्डापारा) का दौरा किया गया। ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया, जिसमें विशेष रूप से कमार जनजाति की महिलाओं ने पारंपरिक रीति से सम्मान किया। दौरे के दौरान ग्रामीणों ने शिक्षा, सड़क, पेयजल, आवास सहित अनेक समस्याएं रखीं। स्कूल में एक शिक्षक के नियमित अनुपस्थित रहने की शिकायत पर श्री नेताम ने मौके पर ही ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को फोन कर कड़ी कार्यवाही व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पीएम जनमन के तहत बनाई जा रही सड़क में गुणवत्ता की गंभीर कमी और सर्वे की सीमा तक सड़क न बनने की बात कही। इस पर श्री नेताम ने संबंधित कर्मचारियों को तुरंत गुणवत्ता सुधारने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार पुल निर्माण में खामियों, पेयजल संकट, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र परिवारों की समस्याएँ भी उनके संज्ञान में लाई गईं। श्री नेताम ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याएं गंभीर हैं। इन सभी मुद्दों को संकलित कर जल्द ही जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके।

इस अवसर सरपंच प्रतिनिधि कैलाश नेताम, पूर्व जनपद सभापति वीरेंद्र ठाकुर, सेक्टर अध्यक्ष आनंद नेताम, मन्नूराम नेताम, परसोत्तम नेताम, शंकर नेताम, हेमलाल नेताम, छोटेलाल नेताम, मंगलू नेताम, केजुराम सोरी, गणेश सोरी, उज्बती नेताम, गजमोतिन नेताम, रैतमोतीन सोरी, हेमबाई सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### रसेला में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का सफल समापन

# देव आव्हान के साथ गायत्री महायज्ञ में 1500 लोगों ने दीं आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

ग्राम रसेला में अखिल गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का समापन दिवस पर देव आव्हान के साथ 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में 1500 लोगों ने दी आहुतियां। शांतिकुंज टोली द्वारा संगीत के द्वारा मंत्रों को उच्चारित किया गया। यज्ञ से पूर्व यज्ञ का ज्ञान विज्ञान विषय पर टोली नायक प्रमोद बार्चे ने कहा कि यज्ञ में गायत्री मंत्र, महामृत्युजंय मंत्र देश की एकता एवं अखंडता बना रखने के लिए मंत्र द्वारा श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। साथ ही 50 व्यक्तियों के विभिन्न संस्कार कराएं गए। प्रमोद बार्चे ने आगे कहा कि हम भौतिक क्षेत्र में ही विकास कर रहे हैं। हमारा आध्यात्मिक विकास नगण्य है। इसलिए हम सफलता के पायदान पर नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होंने गांवों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि हम पुनः गांवों की ओर लौट। गांवों को आदर्श गांव बनाने के सात सूत्र युगऋषि ने दिए। जिसे हमें अपनाना होगा। पहला सूत्र संस्कार युक्त गांव,दूसरा व्यसन मुक्त गांव, शिक्षित गांव, स्वस्थ गांव, स्वच्छ गांव के साथ हमारे देश में दो तंत्र है। एक कृषि तंत्र व दूसरा ऋषि तंत्र और दोनों ही तंत्र कमजोर हो गए है। गांव व्यसन मुक्त हो, यदि गांवों का सर्वे किया जाए तो 80 से 85 प्रतिशत नशे की लत में मिलेंगे। हर व्यक्ति मेहनत व परिश्रमी बन सकें। गुरुवार को 1008 दीपक मंत्रों के माध्यम से प्रज्ज्वलित कर सारा वातावरण दीपों की जगमगाहट से प्रकाशवान हो गया।





**वैदिक रीति से हुए अनेक संस्कार-** समापन दिन 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न प्रकार के संस्कार दिक्षा संस्कार, विधा संस्कार, जनेऊ संस्कार, नामकरण, अन्नप्राशन, पुंसवन संस्कार आदि अधिक संख्या में आचार्यगणो ने वैदिक रीति से संपन्न कराएं। इसके बाद यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। कार्यक्रम स्थल पर गायत्री परिवार व गुरु देव के जीवन वृत्त प्रदर्शनी, साहित्य स्टाल, प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा की प्रतिमा, विशाल मां भगवती भोजनालय लगाया। चार दिवसीय महायज्ञ में पहला दिन भोजन पकाकर खाना खिलाने वाले ग्राम मेडकीडबरी, दूसरा दिन रसेला के पारा टेप्पापारा, कारीमाटी, लादनपारा, बेलडीही, तीसरे दिन ग्राम मुढीपानी और समापन के दिन समस्त ग्रामवासी रसेला के साथ कुडेरादादर की सराहनीय भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी रसेला सहित क्षेत्र के ग्रामों और गायत्री परिजनों का भरपूर सहयोग मिला।

## खबर संक्षेप



### मरौदा में स्वायल हेल्थ योजना के तहत कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गरियाबंद।** गरियाबंद के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मरौदा में स्वायल हेल्थ योजना के अंतर्गत कृषकों को मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 12 दिसंबर शुक्रवार को कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी अनित सलामे एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी चित्रगुप्त कश्यप ने किसानों को मृदा परीक्षण की प्रक्रिया, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्वायल हेल्थ योजना का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार लाकर कृषि उत्पादन बढ़ाना तथा किसानों की लागत कम करना है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को मृदा नमूना संग्रह के सही तरीकों का प्रदर्शन भी कराया गया, साथ ही उन्हें फसल अनुसार पोषक तत्वों के वैज्ञानिक प्रबंधन संबंधी सुझाव दिए गए। कृषकों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपनी भूमि की वास्तविक पोषक स्थिति जानने और उर्वरकों के समुचित उपयोग में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों ने किसानों को धान के बदले दलहन-तिलहन लगाने प्रेरित भी किया।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन के गोपेश बने ब्लाक अध्यक्ष



**अभनपुर।** शासकीय मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संगठन की अभनपुर तहसील इकाई का पुनर्गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से गोपेश साहू को ब्लॉक अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन ने पवन गुरुपंच को संरक्षक नियुक्त किया है, जबकि तहसील अध्यक्ष का दायित्व बुद्धेश्वर वर्मा को दिया गया है। उल्लेखनीय है कि गोपेश साहू वर्तमान में छग संयुक्त शिक्षक संघ रायपुर संभाग के अध्यक्ष भी हैं। उनकी नियुक्ति पर खेमराज ध्रुव, थान सिंह ध्रुव, बुलाकी राम, एनेश्वरी, भूखू राम ध्रुव, अघनू राम साहू, एम.एल. चन्दन, रामनारायण साहू, हेमलाल ध्रुव, एचसी साहू, पुरुषोत्तम मिर्जा, अमित दुबे, प्रदीप साहू, दीपक ठाकुर, दीपेन्द्र सिन्हा, योगेश निर्मलकर, श्रवण देवांगन, भूपेंद्र सिंहा, उपेंद्र प्रताप सिंह, पवन साहू सहित अनेक सदस्यों ने शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की।

### मरोदा में कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गरियाबंद।** गरियाबंद के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मरौदा में स्वायल हेल्थ योजना के अंतर्गत कृषकों को मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 12 दिसंबर शुक्रवार को कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी अनित सलामे एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी चित्रगुप्त कश्यप ने किसानों को मृदा परीक्षण की प्रक्रिया, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्वायल हेल्थ योजना का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार लाकर कृषि उत्पादन बढ़ाना तथा किसानों की लागत कम करना है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को मृदा नमूना संग्रह के सही तरीकों का प्रदर्शन भी कराया गया, साथ ही उन्हें फसल अनुसार पोषक तत्वों के वैज्ञानिक प्रबंधन संबंधी सुझाव दिए गए। कृषकों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपनी भूमि की वास्तविक पोषक स्थिति जानने और उर्वरकों के समुचित उपयोग में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों ने किसानों को धान के बदले दलहन–तिलहन लगाने प्रेरित भी किया।

**सौगात : केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने किया भवन का उद्घाटन, समाज को दी लाखों की सौगात**

# गुरु घासीदास बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज को नई दिशा दी : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के सतनाम समाज के गौरव और एकता के प्रतीक अम्बेडकर सतनाम मंगल भवन का लोकार्पण शुक्रवार को उत्साह, भक्ति और 'मनखे-मनखे एक समान' के गगनभेदी नारों के बीच सम्पन्न हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री और गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल और राजिम विधायक रोहित साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। समाज के लोगों ने ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और पुष्पवर्षा के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत किया। अतिथियों ने लगभग 49 लाख 53 हजार रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक सुविधा-सम्पन्न अम्बेडकर सतनाम मंगल भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। अपने प्रभावशाली उद्बोधन में मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि आज की शोभायात्रा समाज की अनुशासित भागीदारी और ऊर्जा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा की यह भवन समाज की उन्नति का केंद्र बनेगा, इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी सामूहिक है। मंत्री बघेल ने पूज्य गुरु घासीदास बाबा के 'मनखे-मनखे एक समान' के अमर संदेश को याद किया और छुआछूत के काले दौर में उनके द्वारा समाज को दी गई नई दिशा का उल्लेख किया। उन्होंने जैतखंभ की आड़ में शासकीय भूमि पर कब्जे की प्रवृत्ति को गलत बताते हुए इसे तुरंत बंद करने की बात कही।




### सड़क निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपए स्वीकृत



मंत्री बघेल ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का किस्सा सुनाते हुए कहा कि जब कोविंद जी राष्ट्रपति बनने से पहले छत्तीसगढ़ आए थे, तो उनके अनुरोध पर वे उन्हें गिरौदपुरी धाम लेकर गए थे। राष्ट्रपति बनने के बाद स्वयं कोविंद जी ने फोन कर कहा था कि बाबा घासीदास जी की कृपा से ही यह संभव हुआ है। कार्यक्रम के अंत में, मंत्री दयालदास बघेल ने समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। पंथी नृत्य दल के लिए 25,000, समाज के लिए बर्तन सामग्री हेतु 40,000, समाज गतिविधियों एवं निर्माण कार्यों के लिए 10 लाख, सड़क निर्माण के लिए 9 करोड़ की स्वीकृति। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजिम विधायक रोहित साहू ने सतनामी समाज को बधाई देते हुए कहा कि सतनाम संदेश यात्रा सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समानता, भाईचारे और गुरु घासीदास बाबा के संदेश को पूरे प्रदेश में पहुंचाने की एक चेतना है। उन्होंने बताया कि समाज की एक प्रमुख मांग को पूरा करते हुए, चुलयारी बाहरा स्थित गिरौदपुरी धाम के छोटे स्वरूप तक जाने वाली कच्ची सड़क की समस्या अब समाप्त हो जाएगी। उन्होंने इस सड़क निर्माण के लिए 9 करोड़ की स्वीकृति मिलने की जानकारी दी। विधायक साहू ने भी पंथी नृत्य दल को 7,000 प्रदान किए और मंगल भवन तक सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर अनिल चंद्राकर, खोमन चंद्राकर, लुकेश्वरी निषाद, आशीष शर्मा, देव सिंह रात्रे, समीम खान, रजनी लाहारे सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## नई पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी पढ़ाई के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

विकासखंड अभनपुर में कक्षा 6 के लिए राज्य द्वारा प्रकाशित सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषयों की नई पाठ्यपुस्तकों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु पाँच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभनपुर श्रीमती भावना ठाकुर, राजेश कुमार साहू तथा विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक राकेश कुमार साहू द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा डीआईईटी रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित हो रहा है।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों की संरचना, विषयवस्तु, शिक्षण पद्धति तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप किए गए परिवर्तनों से अवगत कराना है। नई पुस्तकों में गतिविधि-आधारित शिक्षण, परियोजना कार्य, स्थानीय संदर्भों और कौशल-आधारित शिक्षण पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन व समस्या-समाधान क्षमता का विकास हो सके। इस अवसर पर अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस पहल से शिक्षण की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार होगा तथा शिक्षक कक्षाओं में अधिक संवादात्मक और गतिविधि-आधारित पद्धति अपना सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान नई पाठ्यपुस्तकों की अवधारणाएँ, पाठ्यचर्या की नई रूपरेखा, कक्षा में संचालित की जाने वाली गतिविधियाँ और एनईपी 2020 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर श्रीमती टिकेश्वरी साहू, श्रीमती द्रौपदी जोशी, श्रीमती लीलिमा साहू,किशोर कुमार साहू, मनमोहन यादव तथा अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन से मयंक मिश्रा, मालविका श्रीवास्तव और कविता शुक्ला सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने किया ग्राफ्टिंग और लेयरिंग तकनीक का सफल प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव(रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा किसानों के लिए आम में वेनियर ग्राफ्टिंग और अमरूद में एयर लेयरिंग की उन्नत तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक(फल विज्ञान), डॉ. कुंतल साटकर के मार्गदर्शन में कराया गया।प्रदर्शन के दौरान छात्रें ने किसानों को आम में वेनियर ग्राफ्टिंग की संपूर्ण प्रक्रिया साइऑन व स्टॉक का चयन, कटाई की विधि,साइऑन का समायोजन व बांधना तथा बाद की देखभाल व्यावहारिक रूप से दिखाया।इसके पश्चात अमरूद में एयर लेयरिंग की तकनीक प्रदर्शित की गई, जिसमें शाखा चयन, छाल उतारना, रूटिंग मिश्रण लगाना और पॉलीथिन से बांधना जैसी विधियों को सरल तरीके से समझाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत उद्यानिकी तकनीकों से अवगत कराना, गुणवत्तापूर्ण पौध उत्पादन को बढ़ावा देना और लागत-कुशल तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम मे उपस्थित किसानों ने इस प्रदर्शन को अत्यंत लाभकारी और उपयोगी बताया।कार्यक्रम का सफल आयोजन रावे कार्यक्रम के समन्वयक लेखराम वर्मा, सह-समन्वयक डॉ. अविनाश गौतम तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

## सेंट जॉन्स स्कूल में जन जाति गौरव दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की समृद्ध जनजातीय विरासत, संस्कृति एवं स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय वीरों के योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण करना था। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रार्थना एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब ने जनजातीय गौरव दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को जनजातीय समाज के त्याग, वीरता एवं सांस्कृतिक विरासत से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। जनजातीय गौरव दिवस हर साल 15 नवंबर को महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में जनजातीय समुदायों के योगदान को सम्मान देने के लिए है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य जनजातीय नायकों के बलिदान और उनकी समृद्ध परंपराओं को याद करना और उन्हें बढ़ावा देना है। वर्ष 2024-25 को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के रूप में जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जो इस उत्सव को पूरे साल चलने वाले आंदोलन में बदल देता है।

पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, रंगोली, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता और जनजातीय रीति-रिवाजों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने बिरसा मुंडा जैसे जनजातीय नायकों के जीवन संघर्ष और योगदान को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी जनजातीय संस्कृति, कला और परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में शिक्षक किशोर सिंहा द्वारा इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य एवं महत्व को बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित संस्था निर्देशक जार्ज जेकब प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य प्रबंधक आशीष जेकब उप प्राचार्य लोवित रत्नाकर एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्रा छात्राओं, अन्य स्टाफ को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन कराए।

## शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान हमेशा याद किया जाएगा : शीतल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम कनेसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्व आदिवासी समाज द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, अध्यक्षता सरपंच योगेश कुमार ध्रुव, विशेष अतिथि दुष्यंत ध्रुवा, सरपंच संघ अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, जनपद सदस्य अवध साहू, महेन्द्र ध्रुव, हेमराज ठाकुर, सरपंच अशोक ठाकुर, बिसहत ध्रुव, शीतल ध्रुव, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के गरियाबंद जिला सचिव, पुनितराम ठाकुर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला मीडिया प्रभारी, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सोरी,विनय ठाकुर सहित आंमत्रित अतिथि गण मंचसीन रहे।



सर्वप्रथम अमर शहीद वीर नारायण सिंह जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर श्रद्धा सुमन पुष्प माला अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की अस्मिता, न्याय और समानता की लड़ाई के प्रतीक हैं। उन्होंने जनता के अधिकारों के लिए अपने प्राणों का त्याग किया, उनका संघर्ष हर पीढ़ी को प्रेरित करता है। पन्नालाल ध्रुव ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश की प्रेरणा हैं। उन्होंने अंग्रेजी अत्याचार और अन्याय के खिलाफ गरीबों व आदिवासियों की लड़ाई लड़ी। युवाओं को उनके साहस और त्याग से सीख लेना चाहिए। शीतल ध्रुव ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, शिक्षा और आर्थिक उन्नति के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन भी दिया। पुनितराम ठाकुर ने कहा कि 1856 के भीषण अकाल में उन्होंने जनता को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजों के जमा धान को गरीबों में बांटा और अंग्रेजी शासन की क्रूरता के आगे न झुकते हुए 1857 में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष ध्रुव, सुमंत ध्रुव, जनक ध्रुव, किशोर ध्रुव, डिगेश्वर ध्रुव, धर्मचंद ध्रुव, टिकेश ध्रुव, हीरालाल ध्रुव सहित सर्व आदिवासी समाज के महिला पुरुष युवा भारी जनसंख्या में उपस्थित थे।

## शिविर में 30 रक्तवीरों ने किया ब्लड डोनेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



नगर स्थित छत्तीसगढ़ संकल्प हॉस्पिटल में संचालक हेमचंद्र देवांगन की पहल पर एवं छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।शिविर के दौरान कुल 30 लोगों ने अपना रक्तदान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक,चंचल सिंहा, रितेश सीतलानी, राहुल माधवानी ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा के सरपंच चेतन ठाकुर, मनोज पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, रेखराम ध्रुव,डिगेश साहू के उपस्थित में। शिविर का शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के गरियाबंद जिलाध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। उन्होंने रक्तवीर को संबोधित करते हुए कहा कि अपने रक्त समूह की जानकारी होना आपातकालीन परिस्थिति में जीवन रक्षक साबित हो सकता है,क्योंकि समय पर सही रक्त उपलब्ध कराने में यह जानकारी बेहद महत्वपूर्ण होती है।

संचालक हेमचंद्र देवांगन ने बताया कि रक्तदान समूह की जानकारी केवल एक तथ्य नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा से जुड़ा अहम विषय है। उपयुक्त रक्त समूह का मेल होने पर ही सुरक्षित रूप से रक्तदान या रक्त प्राप्त किया जा सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर ने बताया कि उनका उद्देश्य जनसहयोग के माध्यम से रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल एवं छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया, जिसे महिलाएं और युवाओं ने सराहा। शिविर के अंत में सभी रक्तवीर को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

**स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत**

## स्वदेशी सिर्फ एक अभियान नहीं, राष्ट्र निर्माण का संकल्प है : नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को गरियाबंद पहुंचे स्वदेशी संकल्प रथ का तिरंगा चौक में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्वागत किया गया। स्थानीय व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रबुद्ध नागरिकों ने पुष्प वर्षा की और वोकल फॉर लोकल के नारे लगाए। इस दौरान पूरा नगर स्वदेशी भावना, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के उत्साह से सराबोर हो गया। नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव एवं कैट जिला अध्यक्ष प्रकाश रोहरा ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रथ को आगे रवाना किया। उन्होंने नागरिकों और व्यापारियों से स्वदेशी अभियान से जुड़ने और स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने की अपील की। साथ ही उपस्थितजनों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संकल्प दिलाया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि स्वदेशी सिर्फ एक अभियान नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों में शामिल होने की राह पर है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें अपने स्थानीय उत्पादों, अपने कारीगरों और अपने व्यापारियों को मजबूती देनी होगी। कैट जिला अध्यक्ष प्रकाश रोहरा ने कहा कि स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य स्थानीय उद्यमों, कारीगरों और छोटे व्यापारियों को बढ़ावा देना हैं। स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को जन-आंदोलन बनाना, वोकल फॉर लोकल को व्यवहार में उतारना, डिजिटल व्यापार और आधुनिक वाणिज्य को गति देना है।

### भारतीय गौरव को पुनर्जीवित करने का अभियान : सिन्हा



जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके ने कहा कि यह यात्रा देश की आर्थिक आजादी की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। हर व्यापारी, हर उपभोक्ता और हर युवा स्वदेशी के महत्व को समझेगा तब स्थिति बदलेगी। कार्यक्रम में सरपंच अभिमन्यु ध्रुव ने कहा की स्वदेशी को जन आंदोलन बनाने से ही अभियान सफल होगा। देश का पैसा देश में होगा तब भी देश मजबूर होगा। मातृ शक्ति तनु साहू और बिंदु सिन्हा ने कहा की स्वदेशी का यह अभियान भारतीय संस्कृति, भारतीय कौशल और भारतीय गौरव को पुनर्जीवित करने का अभियान है। कार्यक्रम का सफल संचालन परस देवांगन ने किया। रथ यात्रा के आगमन पर वरिष्ठ नागरिक जीडी उपासने, बलदेव सिंह हुंदल, आशीष शर्मा, वरिष्ठ व्यापारी नंदरेश गुप्ता, अजय दासवानी, यूसुफ नूरानी, सुरेश गुप्ता, निखिल साहू, अमित ठक्कर, रिजवान मेमन, विकास पारख, राकेश रोहरा, सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, पार्षद विष्णु मरकाम, खेम सिंह बघेल, रेणुका साहू, पुष्पा साहू, सूरज सिन्हा, प्रह्लाद ठाकुर, उमेश सिंह, रवि रोहरा, चिंटू साहू, पुरन सिन्हा, रितेश रोहरा, विजय टांक, परमेश्वर सेन, प्रतीक तिवारी, प्रतीक सिंह, अमित बखारिया, प्रियंका सोनी, मंजरी गुप्ता, सरिता साहू, मुक्ति देवांगन, मनीषा गुप्ता, साक्षी कुटारे, सहारिका महादिक, मंजू चनाबे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी, नागरिकगण उपस्थित थे।

